# Atlas Copco का व्यावसायिक भागीदार मानदंड

## परिचय

Atlas Copco विश्व में टिकाऊ उत्पादकता समाधानों का अग्रणी प्रदाता है। समूह ग्राहकों को अपने उन्नत कंप्रेशर, वैक्यूम समाधान, जनरेटर, पंप, पॉवर टूल और असेंबली सिस्टम की पूर्ति करता है। Atlas Copco उत्पादकता, ऊर्जा दक्षता, सुरक्षा और एर्गोनॉमिक्स से जुड़े उत्पाद और सेवाओं का निर्माता है। 1873 में कंपनी की स्थापना हुई थी और यह स्वीडन के स्टॉकहोम में स्थित है तथा दुनिया के 180 से अधिक देशों में इसका व्यवसाय फैला हुआ है।

अपने ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और दूसरे व्यावसायिक भागीदारों तथा शेयरधारकों के लिए समूह का लक्ष्य है – ऐसी कंपनी बनना, जो आपके ध्यान में First in Mind – First in Choice बने। प्रमुख मूल्यों के आधार पर Atlas Copco Group अपनी व्यावसायिक कार्यप्रणाली में नैतिक बनकर और इन्हीं मानकों पर काम करने वाले व्यावसायिक भागीदारों के साथ काम करके इस लक्ष्य को प्राप्त करना चाहता है।

**Atlas Copco की व्यापार आचरण संहिता[1] कहती है:**

- “हम अपने व्यावसायिक भागीदारों जैसे कि आपूर्तिकर्ताओं, उप-ठेकेदारों, संयुक्त उद्यम के भागीदारों, एजेंट और वितरकों के लिए श्रेष्ठ सहयोगी बनने का अथक प्रयास करते हैं, जिन्हें वे प्राथमिकता दें।
- हम उत्पादकता, गुणवत्ता, वितरण, कीमत और विश्वसनीयता सहित परोक्ष कारकों के साथ-साथ पर्यावरण और सामाजिक कार्यों तथा विकास के प्रति प्रतिबद्धता के आधार पर निष्पक्ष रूप से व्यावसायिक भागीदार ढूंढते हैं, उनका मूल्यांकन करते हैं और उन्हें चुनते हैं।
- हम उन्हें हमारी प्रतिबद्धताओं से अवगत कराते हैं और उनसे अपेक्षा करते हैं कि वे हमारी नीतियों का पालन करें।”

इस दस्तावेज़ का लक्ष्य समूह के व्यावसायिक भागीदारों की मूलभूत अपेक्षाओं के बारे में संक्षेप में बताकर व्यवसाय नीति, समाज, सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के कार्यों के संबंध में Atlas Copco की नीति को लागू करना है।

**नीचे दी गई मानदंड सूची Atlas Copco व्यापार आचरण संहिता पर आधारित है, जो समूह द्वारा समर्थित निम्न अंतर्राष्ट्रीय दिशानिर्देशों पर आधारित है।**

- संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार विधेयक
- कार्य पर बुनियादी सिद्धांत और अधिकारों के बारे में ILO का कथन (ILO)
- संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट (GC)
- बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए OECD दिशानिर्देश

## सामान्य आवश्यकताएँ

व्यावसायिक भागीदारों जैसे कि आपूर्तिकर्ताओं, उप-ठेकेदारों, संयुक्त उद्यम के भागीदारों, एजेंट और वितरकों को व्यापार आचरण संहिता के अनुसार समूह की प्रतिबद्धताओं और अपेक्षाओं से अवगत होना होगा। यदि व्यावसायिक भागीदार, उपठेकेदारों के ज़रिए Atlas Copco Group के उत्पाद या सेवाओं का उत्पादन करता है, तो यह व्यावसायिक भागीदार की ज़िम्मेदारी होती है कि वह अपने उप-ठेकेदारों का मूल्यांकन करने और उन्हें चुनने के लिए समान सिद्धांतों का पालन करें। अनुरोध किए जाने पर, व्यावसायिक भागीदार को Atlas Copco को बताना होगा कि वह कौन-से उप-ठेकेदारों से काम करवाता है।

अपनी सभी गतिविधियों में व्यावसायिक भागीदारों को जिस देश में वे संचालन कर रहे हैं, उन देशों के लागू राष्ट्रीय कानूनों और नियमों का अपने संचालन और रोजगार में पालन करना होगा। यदि इस दस्तावेज़ में उल्लिखित किया गया कोई भी मानदंड किसी भी देश या क्षेत्र के राष्ट्रीय कानून के प्रतिकूल है, तो हमेशा कानून का पालन करना चाहिए। ऐसे मामलों में, व्यावसायिक भागीदार को इस दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने से पहले प्रतिकूलता के बारे में Atlas Copco को तुरंत सूचित करना होगा।

राष्ट्रीय कानून के अनुसार तय की गईं आवश्यकताओं के अलावा भी Atlas Copco की और आवश्यकताएँ हो सकती हैं, ऐसी स्थिति में व्यावसायिक भागीदार को अतिरिक्त Atlas Copco आवश्यकताओं का पालन करना होगा।

[1] http://www.atlascopcogroup.com/en/sustainability/our-sustainability-approach/our-business-code-of-practice

## व्यावसायिक भागीदार मानदंड

1. **बंधुआ मजदूरी और बलपूर्वक मजदूरों से काम न करवाना (GC 4, ILO 29)**
   व्यावसायिक भागीदारों के पास कोई भी बंधुआ मजदूर या अनिच्छा से काम करने वाले मजदूर नहीं होने चाहिए। इसे किसी भी प्रकार से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें किसी व्यक्ति के द्वारा सजा के डर से कोई भी काम करना या सेवा प्रदान करना शामिल है, जिसके लिए वह व्यक्ति खुद अपनी इच्छा से काम करने के लिए तैयार न हो। व्यावसायिक भागीदारों के लिए आवश्यक कर्मचारियों से उनकी नियुक्ति के दौरान जमा राशि लेना या उनके मूल दस्तावेज़ जैसे कि पासपोर्ट, शैक्षणिक प्रमाणपत्र रखना भी निषिद्ध है।

2. **बाल मजदूरी का बहिष्कार करना (GC 5, ILO 138)**
   Atlas Copco बाल मजदूरी को स्वीकार नहीं करता है। व्यावसायिक भागीदारों को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निवारण कदम उठाने होंगे कि वे रोजगार की कानूनी आयु से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को नियुक्त न करें। इसका अर्थ है, जब तक स्थानीय कानून के अनुसार अधिकतम आयु सीमा का नियम लागू होता हो, तब तक अनिवार्य शिक्षा पूरी होने की उम्र से कम उम्र वाले व्यक्ति या 15 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति (या ILO संधिपत्र क्रमांक 138 द्वारा अनुमत 14 से कम उम्र के व्यक्ति) को काम पर न रखा जाए। अधिकृत वयस्कों के लिए, कार्यस्थल पर माहौल, कार्य के समय और उसकी आयु के हिसाब से न्यूनतम वेतन लागू स्थानीय कानून के अनुसार प्रदान करने के लिए प्रबंधन उत्तरदायी है। खतरनाक काम के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष है।

3. **सत्यनिष्ठा (GC 10, OECD 9)**
   व्यावसायिक भागीदारों को किसी भी प्रकार की रिश्वत के बिना काम करना होगा, इसमें ज़बर्दस्ती वसूली और रिश्वतखोरी शामिल है। नकली दस्तावेज़ों या अन्य गैरकानूनी कार्य या अघोषित उत्पादन इकाइयों या आपूर्तिकर्ताओं का इस्तेमाल न करें। हमें सहयोगी प्रबंधन चाहिए, जो हमें व्यावसायिक भागीदारों के निर्माण संयंत्रों सहित उनके परिसर में बिना रोकटोक के जाने की अनुमति दे। व्यावसायिक भागीदारों को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करनी होगी और इस बात से सहमत होना होगा कि वे मूल्य, बाज़ार में हिस्सेदारी या अन्य समान गतिविधियों के बारे में प्रतिस्पर्धियों से चर्चा या समझौता नहीं करेंगे।

4. **मानवाधिकारों का समर्थन करना और उनका सम्मान करना (GC 1 और GC 2)**
   व्यावसायिक भागीदारों को मानवाधिकारों की रक्षा का समर्थन करना होगा और उनका सम्मान करना होगा। उन्हें यह पुष्टि करनी होगी कि वे मानवाधिकारों का दुरुपयोग नहीं करते हैं और जिन मुख्य अंतर्राष्ट्रीय नैतिक दिशानिर्देशों का Atlas Copco Group समर्थन करता है, उन्हें उनका पालन करना होगा।

   जो व्यावसायिक भागीदार ऐसे पार्ट, उत्पाद या कच्चा माल प्रदान करते हैं, जिनमें एक या इससे अधिक 'कॉन्फ्लिक्ट मिनरल'[2] हों और संघर्ष प्रभावित एवं अधिक जोखिम वाले देशों में मिलते हों, उन्हें Atlas Copco की ओर से अनुरोध किए जाने पर OECD यथोचित कार्रवाई के दिशानिर्देशों का पालन करके यथोचित कार्रवाई करने में सहयोग करना होगा।

5. **नियुक्ति और व्यवसाय के संबंध में भेदभाव न करना (GC 6, ILO 111)**
   व्यावसायिक भागीदारों को समान अवसर, निष्पक्षता और विविधता का समर्थन करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी नियुक्ति संबंधी फैसले में सभी कर्मचारियों को उनकी क्षमताओं और योग्यताओं के अनुसार ही नियुक्त किया जाए, चाहे वे किसी भी विशेष जाति, धर्म, लिंग, आयु, राष्ट्र के हों, विकलांग हों, कोई भी निजी संबंधी हों, संघ के सदस्य हों और/या उनकी राजनीतिक राय कुछ भी हो।

6. **सुरक्षित और स्वस्थ कार्य परिवेश, कारखाने का माहौल और आवास सुविधा (ILO 115)**
   व्यावसायिक भागीदारों के लिए हमेशा कर्मचारियों की सुरक्षा ही प्राथमिक होनी चाहिए। कार्य का परिसर और कारखाने का माहौल ऐसा होना चाहिए कि श्रमिक एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में अपने कार्य कर सकें और वहाँ आग रोकने के यंत्र भी लगे होने चाहिए। ज़ोखिम का खतरा कम करने के लिए, कर्मचारी के स्वास्थ्य और सुरक्षा को बचाये रखने हेतु उचित नीतियाँ होनी चाहिए, उन्हें प्रशिक्षण देना चाहिए और उन्हें उनकी भूमिका के बारे में स्पष्ट रूप से समझाना चाहिए। कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाएँ उनके मान के अनुरूप हों और उनकी निजी स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करें। व्यावसायिक भागीदारों को सुरक्षा सुनिश्चित करने और कार्यस्थल पर उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों से होने वाली दुर्घटनाओं और बीमारियों को रोकने के लिए अपने कर्मचारियों की ओर से उचित कदम उठाने चाहिए। उदाहरण के लिए, इसमें प्राथमिक उपचार के साधन उपलब्ध कराना शामिल है।

7. **वेतन या अन्य मुद्दों पर बातचीत करने के लिए संपर्क करने की स्वतंत्रता और प्रभावी रूप से अधिकार की स्वीकृति (GC 3, ILO 87)**
   व्यावसायिक भागीदारों को पुष्टि करनी होगी कि कार्यस्थल और प्रतिफल संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए उनके श्रमिक प्रबंधन से खुलकर बातचीत करने के लिए स्वतंत्र हैं। कर्मचारियों के पास वेतन या अन्य मुद्दों पर बातचीत करने के उद्देश्य से व्यापार संघ की ओर से प्रतिनिधित्व करने या नहीं करने का अधिकार होगा। ऐसे अधिकारों का इस्तेमाल करने वाले किसी भी कर्मचारी के खिलाफ़ भेदभाव को Atlas Copco बर्दाश्त नहीं करता है।

8. **महत्वपूर्ण पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिए पहल (GC 8, OECD 5)**
   व्यावसायिक भागीदारों के पास उपयुक्त रूप से पर्यावरणीय प्रबंधन प्रणाली होनी चाहिए या कम से कम वे पर्यावरणीय नीति या प्रणाली तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध होने चाहिए, जो अपने खुद के पर्यावरणीय कार्य में निरंतर सुधार सुनिश्चित करे।

[2]प्रतिभूति और विनिमय आयोग की परिभाषा के अनुसार कॉन्फ्लिक्ट मिनरल, कॉलंबाइट-टैंटालाइट (कोल्टान), कैसिटेराइट, सोना, वॉलफ्रेमाइट या उनसे निकलने वाले (टिन, टंगस्टन और टैंटलम) होते हैं।

9. **पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति एहतियाती कदम और पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल तकनीकों का विकास और विस्तार (GC 7 और 9, OECD 5)**
व्यावसायिक भागीदारों को अपना व्यवसाय ऐसे तरीके से संचालित करना चाहिए, जो पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखें, उदाहरण के लिए पानी के उपयोग और अपशिष्ट जल के प्रशोधन पर ध्यान देना। उत्पाद और सेवाओं को तैयार करते समय व्यवसाय भागीदारों को निर्मित, वितरित और उपयोग किए जा रहे उत्पाद और सेवाओं के साथ-साथ इनका निपटान करने के दौरान पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव पर ध्यान देना चाहिए और उसे कम करना चाहिए। व्यावसायिक भागीदारों को उत्पादों, प्रक्रियाओं और डिज़ाइन में पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल तकनीकों के विकास और प्रचार के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रमाणित करना होगा।

10. **Atlas Copco की निषिद्ध और घोषित[3] सूचियों का अनुपालन करना**
Atlas Copco की निषिद्ध सूची उन पदार्थों को दर्शाती है, जिनका Atlas Copco को वितरित किए जाने वाले पार्ट, उत्पाद या कच्चे माल में या उत्पादन प्रक्रियाओं में उपयोग नहीं किया जाता है। घोषित सूची में वे पदार्थ शामिल हैं, जिनका उपयोग सीमित होगा और कोई भी सूचीबद्ध पदार्थ की सामग्री Atlas Copco को वितरित किए जाने वाले आइटमों में घोषित की जानी चाहिए। कॉन्फ्लिक्ट मिनरल भी घोषित सूची में शामिल हैं, स्पष्टीकरण के लिए मानदंड 4 देखें। व्यावसायिक भागीदारों को इन सूचियों के अनुसार अनुपालन करने की पुष्टि करनी होगी, सूचियों में होने वाले अद्यतन का अनुसरण करना होगा और शामिल किसी भी पदार्थ से समस्या उत्पन्न होने पर Atlas Copco को सूचित करना होगा।

## अनुपालन और अनुसरण करना

Atlas Copco चाहता है कि उसके व्यावसायिक भागीदार यहाँ सूचीबद्ध सामाजिक, व्यावसायिक नैतिकता और पर्यावरणीय मानदंडों का पालन करें। जो व्यावसायिक भागीदार इन मानदंड को लागू करने के लिए अग्रसक्रिय हैं या जिन्होंने पहले से इन्हें पूरा कर लिया है, उन पर अधिमान्य भागीदारियों के लिए विचार किया जाएगा। समूह सर्वेक्षण या ऑडिट के माध्यम से इन मानदंडों के अनुसार पालन करने के लिए व्यावसायिक भागीदारों पर नज़र रखेगा और उनकी जाँच करेगा। उल्लंघन का पता चलने पर, Atlas Copco अपने व्यावसायिक संबंधों की समीक्षा भी करेगा और व्यावसायिक भागीदारों को तुरंत सूचित करेगा कि वे मानदंड को पूरा करें या उसके अनुसार बदलाव करें। यदि व्यावसायिक भागीदार इन आवश्यकताओं को पूरा करने की प्रक्रिया में हैं और वे Atlas Copco के साथ कार्रवाई योजना बनाना चाहते हैं, तो वे इस दस्तावेज़ पर अपनी प्रतिबद्धता पर हस्ताक्षर कर सकते हैं।

Atlas Copco Group की कंपनियाँ चाहती हैं कि व्यावसायिक भागीदार ऊपर उल्लिखित मानदंड के अनुसार अपना अनुपालन दर्शाने के लिए या गतिविधियों से कार्रवाई योजना स्थापित करके मानदंड के अनुसार अनुपालन करने का उद्देश्य और इच्छा दर्शाने के लिए उपयुक्त दस्तावेज़ों को संभालकर रखें। Atlas Copco Group के साथ व्यवसाय करने की शर्त के तौर पर, व्यावसायिक भागीदारों और उनके उप ठेकेदारों को Atlas Copco और इसके नियुक्त एजेंट (तृतीय पक्षों सहित) को ऑडिट करने के लिए अधिकृत करना होगा।

..........................................................................................

(व्यावसायिक भागीदार का नाम)

ने Atlas Copco व्यापार आचरण संहिता पर आधारित इस दस्तावेज़ को पढ़कर समझ लिया है और इस दस्तावेज़ में उल्लिखित सभी मानदंड और आवश्यकताओं का पूरी तरह से अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

..........................................................................................

| नाम | पद/कार्य पद |
|---|---|
| | |

..........................................................................................

| दिनांक और स्थान | हस्ताक्षर |
|---|---|

## अतिरिक्त संदर्भ

- सुरक्षा और स्वास्थ्य में ILO आचरण संहिता, http://www.ilo.org/safework/lang--en/index.htm
- ILO अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानक, http://www.ilo.org/global/standards/lang--en/index.htm
- बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए OECD दिशानिर्देश, www.oecd.org
- संयुक्त राष्ट्र का भ्रष्टाचार के विरुद्ध में संधिपत्र, http://www.unodc.org/unodc/en/treaties/CAC/index.html
- संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट, www.unglobalcompact.org
- संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार विधेयक, www.un.org
- ISO 14001, www.iso.org
- SA 8000, www.sa-intl.org

[3]निषिद्ध और घोषित सूचियाँ Atlas Copco Group की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं:
http://www.atlascopcogroup.com/en/sustainability/living-by-the-highest-ethical-standards/ethical-supply-chain